ESTD : 1993 ... LIBRARY DIMAPUR

**2026**

(B.A / B.COM 2nd Semester)

**HINDI/MIL** AECC/26/1

कविता, कहानी, व्याकरण एवं रचना

पूर्णांक : 37-5, पास अंक-15, समय: 2 घंटा

**खण्ड: वर्णनात्मक, अंक:** 5×5=25

1. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए:

(अ) कस्तूरी कुंडल बसै, मृग ढूँढै वन माहिं । ऐसे घटि घटि राम है, दुनिया देखे नाहिं ॥

**अथवा**

(ब) जी माल देखिए दाम बताऊँगा, बेकाम नहीं है काम बताऊँगा, कुछ गीत लिखे हैं, मस्ती में मैंने, कुछ गीत लिखे है, बस्ती में मैंने. यह गीत सख्त सरदर्द भुलाएगा, यह गीत पिया के पास बुलाएगा।

2. नीचे लिखे गद्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए:

(अ) भाँ को अपने बेटे, साहूकार को अपने देनदार और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आता है। भगवत-भजन से जो समय बचता, वह घोडा को अर्पण हो जाता। वह घोडा सुन्दर था, बड़ा बलवान। उसके जोड़ का घोड़ा सारे इलाके में न था।

**अथवा**

सड़क पर से नर-नारियों का अविरल प्रवाह आ रहा था और जा रहा था। उसका न ओर था, न छोर। यह प्रवाह कहाँ जा रहा था, और कहाँ से आ रहा था, कौन बता सकता है? सब उम्र के सब तरह के लोग, उसमें थे। मानो मनुष्यता का बाजार सजकर सामने से निकलता चला आ रहा हो।

(PTO)

Buy VueScan now! www.hamrick.com

Scanned by VueScan - get a free trial at www.hamrick.com

3 (अ) "भ्रमरगीत" पद का सारांश लिखिए ।

**अथवा**

(ज) "भोलाराम का जीव" कहानी की शीर्षक की सार्थकता बताइए?

4. (अ) "अपना-अपना भाग्य" कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है?

**अथवा**

(ब) "जागो फिर एक बार" कविता के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

5. उपसर्ग और प्रत्यय के परिभाषा लिखते हुए दो-दो उदाहरण दीजिए।

**खण्ड- वैकल्पिक**

**भाग-2** (अंक: 0-5×15=7.5)

नीचे लिखे विकल्पों में सही विकल्प के सामने (√) का निशान लगाइए :

1. निंदा करने वाले व्यक्ति को कहाँ रखना चाहिए ?

**अ.** दूर ( ) **ब.** पास ( ) **स.** बाहर ( )

2. इनमें से कौन फल नहीं खाता है?

**अ.** पेड़ ( ) **ब.** पशु ( ) **सः** पक्षी ( )

3. गोपियों को समझाने के लिए कौनआया था?

**अ.** कृष्ण ( ) **ब.** सुदामा ( ) **स.** उधौ ( )

4. भोलाराम को रिटायर हुए कितने साल हो गए थे?

**अ.** तीन साल ( ) **ब.** चार साल ( ) **स.** पाँच साल ( )

5. "भोलाराम का जीव" कहानी के लेखक कौन हैं?

**अ.** जैनेन्द्र कुमार ( ) **ब.** सुदर्शन ( ) **स.** हरिशंकर परसाई ( )

6. जब क्रोध अधिक समय तक मन में टिका रहता है, तब क्या होता है?

**अ.** बैर ( ) **ब.** अचार ( ) **स.** आम ( )

7. "गीतफरोश" कविता के कवि का नाम क्या है?

**अ.** कबीरदास ( ) **ब.** सूरदास ( ) **स.** भवानीप्रसाद मिश्र ( )

8. लेखक के साथ नैनीताल कौन गया था?

**अ.** भाई ( ) **ब.** मित्र ( ) **स.** विद्यार्थी( )

9. पहाड़ी बालक का उम्र लगभग कितना साल था?

**अ.** 10-11 ( ) **ब.** 11-12 ( ) **स.** 12-13 ( )

10. बाबा भारती के घोड़ा का नाम क्या था?

**अ.** चेतक ( ) **ब.** सुल्तान ( ) **सः** पतन ( )

11- वह अपाहिज वास्तव में कौन था?

**सः** डाकू खड्गसिंह ( ) **ब.** डाकू मंगलसिंह ( ) **स.** जीवासिंह)

12. अपमान' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

**अ.** अनादर ( ) **ब.** सम्मान ( ) **स.** अभिमान ( )



Buy VueScan now! www.hamrick.com
Scanned by VueScan - get a free trial at www.hamrick.com

13. 'वृक्ष' का पर्यायवाची शब्द क्या है?

अ. तट ( ) ब. तरू ( ) स तरंग ( )

14. "गाज गिरना" मुहावरा का अर्थ क्या है?

अ. मुसीबत आना ( ) ब. बारिश होना ( ) स. मजाक करना ( )

15. "चकमा देना मुहावरा का अर्थ क्या है?

अ. धोखा देना ( ) ब. दुखी करना ( ) स. खुश करना ( )

**भाग-2 (अंक: 1×5=5)**

किन्हीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. नदी क्या संग्रह नहीं करती है?
2. चित्रगुप्त क्या करता था?
3. 'क्रोध' निबंध के लेखक कौन हैं ?
4 खड्गसिंग ने बाबा भारती से क्या कहा ?
5. कवि किसे जगा रहे हैं?
6. लेखक और उसके मित्र बालक को कहाँ ले गए?
7. मृग जंगल में किसे ढूँढ़ता है?
8. इंद्रियाँ कितनी होती है?

* * *

Buy VueScan now! www.hamrick.com

Scanned by VueScan - get a free trial at www.hamrick.com